संख्या- 94 /2018/ 1567 /चार-2017 - 81 (वि0)/ 2018

प्रेषक,

जगत राज
सचिव ,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 02 जुलाई, 2018

विषय:- वेतन समिति (2016) के प्रथम प्रतिवेदन भाग-6 में की गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयानुसार भारतेन्दु नाट्य अकादमी, उ0प्र0 लखनऊ के कार्मिकों को दिनांक 01 जनवरी, 2016 से पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स की व्यवस्था लागू किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या-3245/सा0वे0आ0/230(1)/2008 दिनांक 29 जनवरी, 2018 के अनुक्रम में अवगत कराना है कि उ0प्र0 की स्वशासी संस्थाओं के सम्बन्ध में वेतन समिति (2016) के प्रथम प्रतिवेदन भाग-6 में की गयी संस्तुतियों पर शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त कतिपय संशोधन के साथ वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2 उ0प्र0 शासन के संकल्प संख्या-64/2016-वे0आ0-2-2645/दस-04(एम)/2016 दिनांक 16 दिसम्बर, 2016 के माध्यम से स्वीकार कर लिया गया है।

2- भारतेन्दु नाट्य अकादमी, उ0प्र0 लखनऊ के कार्मिकों को संलग्नक-1 की तालिका के अनुसार पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स दिनांक 01 जनवरी, 2016 से अथवा सम्बन्धित कार्मिक के विकल्प की तिथि को प्राप्त हो रहे वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन के आधार पर अनुमन्य किया जायेगा।

3- पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स में सम्बन्धित कार्मिक का वेतन निर्धारण एवं वेतन वृद्धियॉ वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-67/2016/वे0आ0-2-1447/दस-04(एम)/2016 दिनांक 22 दिसम्बर, 2016 एवं इस क्रम में निर्गत अन्य शासनादेशों में वर्णित व्यवस्था के अनुसार किया जायेगा। पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स अपनाये जाने हेतु विकल्प का प्रारूप एवं बचनबंध का प्रारूप संलग्नक-2 व 3 पर संलग्न है।

4- भारतेन्दु नाट्य अकादमी, उ0प्र0 लखनऊ के कार्मिकों को पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स में वेतन निर्धारण एवं मॅहगाई भत्ते का नगद भुगतान शासनादेश निर्गत होने की तिथि से किया जायेगा एवं दिनांक 01 जनवरी, 2016 से शासनादेश निर्गत होने की तिथि तक देय अवशेष का भुगतान राज्य कर्मचारियों की भॉति किया जायेगा।

5- भारतेन्दु नाट्य अकादमी उ0प्र0 लखनऊ में केाई कार्मिक प्रतिनियुक्ति पर तैनात है तो उसे पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स एवं अन्य भत्ते अपने मूल विभाग/अधिष्ठान के पद के संदर्भ में अनुमन्य होगें।

6- भारतेन्दु नाट्य अकादमी उ0प्र0 लखनऊ के कार्मिकों को यदि राजकीय कार्मिकों से इतर कोई सुविधा अनुमन्य है तो उसका पुनरीक्षण राज्य सरकार की सहमति से ही किया जायेगा।

7- भारतेन्दु नाट्य अकादमी उ0प्र0 लखनऊ के कार्मिकों के लिये वर्तमान में लागू ए0सी0पी0 की व्यवस्था को पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स में इस प्रतिबन्ध के अधीन बनाये रखा जायेगा कि इसकी अनुमन्यता हेतु संतोषजनक सेवाओं के परीक्षण का वही मानक होगा, जैसा कि राज्य कर्मचारियों के लिए अपनाया जाय।

8- भारतेन्दु नाट्य अकादमी उ0प्र0 लखनऊ के कार्मिकों के कार्यकुशल एवं अच्छे कर्मचारियों के मनोबल को प्रोत्साहित करने तथा ऐसे कार्मिक, जो अपने दायित्वों के निवर्हन में पर्याप्त अवसर दिये जाने के उपरान्त भी रूचि नहीं लेते है, उनकी इस मानसिकता को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से ऐसे कार्मिकों , जो प्रथम 16 वर्ष की सेवा पूर्ण करने तक ए0सी0पी0 अथवा नियमित पदोन्नति के निर्धारित मापदण्ड को पूरा नहीं

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

करते है, उन्हें आगे वार्षिक वेतन वृद्धियॉ स्वीकृत करने के सम्बन्ध में राज्य कर्मचारियों की भॉति व्यवस्था की जाय।

9- भारतेन्दु नाट्य अकादमी उ0प्र0 लखनऊ के ऐसे पेंशनर जिन्हें पेंशन की सुविधा पूर्व से राजकीय विभागों के सादृश्य पर अनुमन्य है, की पेंशन पुनरीक्षण की वही प्रक्रिया अपनायी जाय, जो राजकीय पेंशनरों के संबंध में अपनायी गई है। साथ ही अन्य ऐसे सेवा -नैवृत्तिक लाभों , जो पूर्व से राजकीय विभागों के सादृश्य पर अनुमन्य है, का पुनरीक्षण भी राजकीय विभागों के पेंशनरों हेतु अपनायी गई प्रक्रिया के अनुसार किया जायेगा।

10- भारतेन्दु नाट्य अकादमी उ0प्र0 लखनऊ के ऐसे कार्मिक, जिन्हें राजकीय कर्मियों की भॉति पेंशन सुविधा देय नहीं है, उनके मामले में राज्य सरकार द्वारा लागू की गई नई पेंशन नीति के सादृश्यता पर अथवा अन्यथा कोई व्यवस्था लागू किये जाने के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया जायेगा।

11- इस सशासनादेश के जारी होने के दिनांक से भारतेन्दु नाट्य अकादमी उ0प्र0 लखनऊ में पदों पर भर्ती, पदों के सृजन तथा अस्थायी कर्मचारियों का स्थायीकरण पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स में ही किया जायेगा।

12- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या- ई- 568 / दस-2018 दिनांक 27 जून, 2018 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

संलग्नक-यथोक्त

भवदीय,

(जगत राज)
सचिव

संख्या- 94 /2018/ 1567 /चार-2018 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रयक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- निदेशक, भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ ।
5- वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1
6- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(जगत राज)
सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।